आयुक्त ने निगम में चल रहे कार्यो के सुचारू संचालन हेतु समीक्षा बैठक ली

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई। जिसमें शासन द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक विभाग प्रमुख से प्राप्त किये। योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियो को निर्देशित किये और कहा कि हमे प्रयास करना है जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रमुख रूप से आयुक्त का कहना था कि हम सबको जनता के प्रति अच्छा काम करना है। जो भी निगम व जनता के हित का काम है उसे हमे समय पर बताए, हम सब मिलकर निराकरण करेगें। जो भी पेडिंग फाईल है उसे नियमानुसर डिस्पेज के माध्यम से भेजे, सबका निराकरण किया जाएगा। जोन के अधिकारियों को बताया कि जो भी रूका हुआ फाईल है उसे लाकर निराकरण करवाए। निगम क्षेत्र में जितने भी उद्यान है, उसका रखरखाव करना हमारी प्राथमिकता है। जो भी पुराना काम रूका हुआ है, उसकी लिस्ट बनाकर दें, हम बात करेगें, उसका निराकरण करवाया जाएगा। रूके हुए निर्माण कार्यो को शीध्र पुरा करवाया जाए। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बहुत से काम बीएसपी से एनओसी नहीं मिलने के कारण रूका हुआ है उसका निराकरण करने के लिए आयुक्त ने पत्र लिखने के लिए कहा। आयुक्त ने यह भी ध्यान देने को कहा हमे मितव्यिता बनाना है, अनावश्यक बिजली का उपयोग नहीं करना है। लाईट, पंखा, एसी का उपयोग जो करने के बाद बंद कर देना है। वाहन शाखा में अनावश्यक खर्च को रोकना है, जहां पर भी बचत हो सकता है उसे अवश्य करें। छोटी–छोटी बचत बड़ा रूप लेता है, हम सब मिलकर के निगम के स्वच्छता रैकिंग को सुधारेगें। बैठक में मुख्य अभियंता, उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन के सभी जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, परियोजना अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, लेखाधिकारी, राजस्व अधिकारी, जनसम्पर्क अधिकारी, शहरी अजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण विभाग प्रभारी, राशन कार्ड प्रभारी, स्थापना प्रभारी, जोन के राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदि उपस्थित थे।